Title: Need to ensure appointment of Junior Overman in Eastern Coalfields Limited on the basis of examination conducted in 1997.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में वर्ा 1997 में जूनियर ओवरमैन की नियुक्ति हेतु लिखित एवं मौखिक परीक्षा साक्षात्कार आयोजित की गई थी। इस पद के लिए 1995 में नियोजनालय से नाम मंगाये गये थे, परंतु आज तक चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं हुई। इस संबंध में कोयला मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कई माननीय सांसदों ने सरकार का ध्यान आकृट कराया है, परंतु कार्रवाई शून्य है।

यद्यपि कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुांगी कंपनियों में इस पद की काफी रिक्तियां हैं, परन्तु प्रबंधन एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा कार्य-सम्पादन किया जा रहा है, जिसके कारण विभिन्न कोयला खदानों में दुर्घटनाएं हो रही है। प्रबंधन के शीर्ा अधिकारी ओवरमैन की रिक्तियों के बावजूद कुशल प्रबंधक का खिताब लेकर सरकारी लाभ अर्जित कर रहे हैं, इसके विपरीत चयनित उम्मीदवार नौकरी की उम्र सीमा समाप्त करते जा रहे हैं।

अतः सरकार अविलम्ब चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त करने की कृपा करे।